वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 197 शनिवार 12 नवम्बर 2022 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## आज से मौसम साफ रहने के साथ बढ़ेगी सर्दी

### बारिश के बाद 2 डिग्री गिरा रात का पारा, दोपहर तक घना कोहरा



**जयपुर. कासं।** बेमौसम बारिश के बाद गुलाबी सर्दी का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार सुबह इस सीजन में पहली बार कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते विजिबिलिटी काफी घट गई। दूसरी ओर, गुरुवार की रात को न्यूनतम तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। रात का पारा 19 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हालांकि तापमान यह स्तर भी सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। मौसम में नमी ओर हल्की हवाओं ने सर्दी का अहसास कराया। दूसरी ओर, अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम 28.4 डिग्री रिकार्ड हुआ। पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट पर सबसे ज्यादा एक्यूआई लेवल 304 रहा जोकि रेड जोन में आता है। इस पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 416 और पीएम 10 का स्तर 457 तक पहुँच गया।

## श्रीमहावीरजी में महामस्तकाभिषेक महोत्सव 24 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक



### मुख्य सचिव ने दिए सड़क, सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**जयपुर. कासं।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में करौली जिले के श्रीमहावीरजी में 24 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक होने वाले भगवान महावीर के महामस्तकाभिषेक महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सड़क, सुरक्षा, आवागमन, बिजली सहित आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि करीब 24 वर्ष बाद आयोजित हो रहे इस महोत्सव में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे, इसे देखते हुए संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सिकंदरा से नादौती व महावीर जी से नादौती सड़कों में शेष सुदृढ़ीकरण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग महोत्सव में आने वाले यात्रियों के लिए अतिरिक्त बसों का भी संचालन करें। महोत्सव के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था हो और महावीर जी जाने वाले रूट पर पुलिस द्वारा नियमित गश्त की जाएं। मुख्य सचिव ले करौली जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह व दौसा जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भगवान महावीर महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने महोत्सव से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं व विषयों के बारे में अवगत कराया।

## कोचिंग सेंटर के लिए सरकार ने जारी की गाइडलाइन

### फेल होने पर बताए जाएंगे दूसरे करियर ऑप्शन, पैरेंट्स होंगे कोचिंग निगरानी समिति के सदस्य

**जयपुर. कासं।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में बढ़ते कोचिंग माफिया पर नकेल कसने के लिए गाइडलाइन जारी की है जिसके तहत प्रदेशभर में कोचिंग निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें पुलिस-प्रशासन के साथ अभिभावकों और डॉक्टर को भी शामिल किया जाएगा। वहीं स्टूडेंट्स की शिकायत के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाएगा। जिसकी निगरानी मुख्यमंत्री स्तर पर की जाएगी। सीएम अशोक गहलोत ने बताया कि देशभर में प्रतिस्पर्धा और शैक्षणिक दबाव के चलते स्टूडेंट्स काफी परेशान हैं। पिछले कुछ वक्त में काफी स्टूडेंट्स ने आत्महत्या भी कर ली है। इसलिए स्टूडेंट्स की समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने कोचिंग गाइडलाइन 2022 तैयार की है। जिसमें स्टूडेंट्स की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के साथ



उनकी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए काम किया गया है। इसके लिए सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ अभिभावक और डॉक्टर्स की टीम भी लगातार कोचिंग संस्थानों की मॉनिटरिंग करेगी। ऐसे में जो भी कोचिंग संस्थान सरकार की गाइडलाइन की पालना नहीं करेगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गाइडलाइन की पालना नहीं करने पर कोचिंग संस्थान पर होगी कार्रवाई

- ★ कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स को आईआईटी और मेडिकल संस्थानों की प्रवेश परीक्षाओं में सफल ना होने की स्थिति में दूसरे करिअर ऑपशन के बारे में बताया जाएगा।
- ★ स्टूडेंट्स के कोचिंग संस्थान छोड़ने की स्थिति में ईजी एक्जिट पॉलिसी और रिफण्ड का प्रावधान किया गया है।
- ★ कोचिंग संसथान के खिलाफ स्टूडेंट्स की समस्या बताने के लिए एक कम्पलेन्ट पोर्टल बनाया जाएगा।
- ★ कोचिंग सेंटर में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन करना अनिवार्य होगा।
- ★ आवासीय कोचिंग चालने वाले संस्थानों को सभी प्रकार के मूवमेंट का रिकॉर्ड मेंटेन करना होगा। फर्जी विज्ञापन दिखाने पर सख्त करवाई की जाएगी।



# आचार्य श्री के 50 वे पदारोहण दिवस पर 251 दीपकों के साथ भक्ति भाव से आचार्य श्री की आरती की

**किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति किशनगढ़ के तत्वावधान में 10 नवंबर को आदिनाथ मंदिर किशनगढ़ में श्री दिगंबर जैन महिला महा समिति किशनगढ़ संभाग के द्वारा आचार्य श्री के 50 वे पदारोहण दिवस पर 251 दीपको के साथ भक्ति भाव से आचार्य श्री की आरती की गई।जिसमें भामाशाह अशोक पाटनी आर के मार्बल, महा समिति की संरक्षिका शिरोमणि सुशीला शांता पाटनी, अध्यक्षा निशा रारा, मंत्री सिंपल बाकलीवाल, उषा गोधा, मीना सेठी, ललिता पाटनी, सुनीता काला, सुलोचना कासलीवाल अन्य सभी समिति की सदस्य बहुत ही भक्ति भाव से आरती की।



# आचार्य श्री के 50 वे पदारोहण दिवस पर भक्ति भाव से आचार्य श्री की आरती की




**हावडा, कोलकता. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर हावड़ा, कोलकाता मे सुप्रभात महिला मंडल द्वारा आचार्य श्री विद्या सागर जी के 50 वे पदारोहण दिवस पर दीपको के साथ भक्ति भाव से आचार्य श्री की आरती की गई। इस अवसर पर प्रमिला विनायका, शशि कासलीवाल, मंजू पाण्डया आदि अनेक श्रावक उपस्थित थे।

# चौकी प्रभारी जगफुल चौधरी की एएसआई पद पर पदोन्नति

**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया।** भैंसलाना। कस्बे के निकटवर्ती पचकोड़िया के पुलिस चौकी प्रभारी जगफूल चौधरी का सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर रेनवाल थानाधिकारी उमराव सिंह सहित समस्त थाना और चौकी स्टाफ, चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गावो और ढाणियों के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की है। प्रभारी चौधरी ने बताया कि मेरा सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर सभी की शुभकामनाएं मिल रही है।आगे भी इसी प्रकार ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वाह करता रहूंगा। ज्ञात रहे पुलिस चौकी में कार्यरत चौकी प्रभारी जगफुल चौधरी लगातार अपनी अच्छी सेवा दे रहे है।



# राजस्थान जैन साहित्य परिषद की मासिक विचार गोष्ठी कल रविवार को

**शाबाश इण्डिया: हीरा चन्द बैद**



**जयपुर।** राजस्थान जैन साहित्य परिषद की मासिक विचार गोष्ठी का आयोजन कल रविवार दिनांक 13 नवम्बर को प्रातः 9.30 बजे से श्री चिन्तामणी पारसनाथ जैन मन्दिर, पारस विहार, मुहाना मण्डी, जयपुर पर किया गया है।परिषद के मंत्री सीए शान्तिलाल गंगवाल ने बताया कि सुदर्शन कुमार पाटनी के संयोजन में आयोजित होने वाली विचार गोष्ठी का विषय होगा ''भगवान क्या करते हैं''। अध्यक्ष महेश चन्द जैन चांदवाड ने बताया कि गोष्ठी के मुख्य वक्ता युवा विद्वान पंडित जिनेन्द्र कुमार शास्त्री होंगे। पारस कालोनी पंहुचने में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए राजेन्द्र कुमार गोदिका से मोबाइल नं., 8955749454 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# 50वे पदारोहण दिवस पर महाआरती का आयोजन



**जबलपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 श्री विधासागर जी महाराज के लिए 50वे पदारोहण दिवस पर महाआरती का आयोजन सकल जैन समाज द्वारा 10 नबंबर को रात्रि 8 बजे कमानियागेट जबलपुर मे किया गया। अध्यक्ष प्रीति पाली जबलपुर संभाग ने बताया कि आरती मे अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर जैन नवयुवक सभा और विधागुरु भक्त मंडल के गौरव जैन, यशपाल, नितिन, मनीष जैन, विजय जैन चुन्ना, सुरेन्द्र पहलवान,भारत क्रषक समाज के अध्यक्ष संजय जैन किपी,श्री दिगंबर जैन महिला महासमिती की अध्यक्ष प्रीतिपाली जैन लाल बंगला, रितु ,नीलमणी, रेखा चौधरी, अलका,शर्मिला,अनुपमा स्वीटि बहने भी उपस्थित थी।

# प्रभु के गुणों को देखना ही श्रावक की भक्ति: सुधासागर




## अभिनंदनोदय तीर्थ में तीन दिनी जैन स्तोत्र साहित्यानुशीलन संगोष्ठी का शुभारम्भ

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

अभिनंदनोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र पर जैन स्त्रोत साहित्यानुशीलन राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी में मुनि संधासागर महाराज ने भक्ति की महिमा बताते हुए कहा प्रभु के गुणों को देखना ही भक्ति है। प्रभु के प्रति श्रावक की भक्ति को अटूट बताते हुए उन्होने अतुलनीय बताया। जैन दर्शन में आचार्य श्री कुन्दकुन्द आचार्यश्री समन्तभद्र आचार्यश्री पात्र केशरी आदि ने प्रभूत मात्रा में स्तोत्र साहित्य का प्राकृत संस्कृत अपभ्रंश एवं हिन्दी भाषाओं में सृजन किया जिन भक्ति से इन स्तोत्रों का पाठ प्रतिदिन होता है जिसके मर्म को समझना जरूरी है। स्तोत्रों को जीवन में उपयोगी बताते हुए मुनि श्री ने कहा स्तोत्र मंगल की सृष्टि करते हैं इनकी जो भक्ति करेगा वह संसार में कभी दुखी नहीं होगा और भक्ति यदि चरम पर पहुच गई तो मुक्ति की प्राप्ति भी असंभव नहीं होगी। जैन स्तोत्र साहित्यानुशीलन राष्ट्रीय विद्वत्संगोष्ठी का शुभारम्भ आज मुनि सुधासागर महाराज एवं मुनि पूज्य सागर महाराज एलक धैर्यसागर महाराज क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आचार्य श्री के चित्र अनावरण दीपप्रज्जवलन से हुआ। उद्घाटन सत्र में डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती ने श्रद्धा एवं भक्ति का सुमेल आलेख का वाचन किया जिसका निर्देशन डॉ. जयकुमार जैन मुजफरनगर प्रो. अरूण कुमार जैन रहे जवकि संयोजन पं. आलोक मोदी द्वारा किया गया।

मध्यान्ह में द्वितीय सत्र की अध्यक्षता प्रो. फूलचंद प्रेमी वाराणसी ने की जिसमें सारस्वत अतिथि प्रो. जिनेन्द्र जैन उदयपुर रहे। सत्र में डॉ. पुलक जैन गोयल जवलपुर द्वारा स्वयंभू स्तोत्र एवं अनन्त चतुष्टय,मजूलता छावडा जयपुर द्वारा देवागम स्तोत्र में एकान्तवादों की समीक्षा, डॉ.



उज्जवला गोसावी औरंगावाद द्वारा पात्र केशरी स्तोत्र में वीतरागता, प्रो. जिनेन्द्रजैन उदयपुर द्वारा आप्तमीमांसा में नय, डॉ. आशीष जैन दमोह द्वारा अष्टकर्म क्षय की हेतु स्तुति विद्या, डॉ. नरेन्द्र जैन टीकमगढ द्वारा वृहत्स्वयंभू स्तोत्र की दार्शनिकता आलेख का वाचन किया गया जिसका संयोजन डॉ. आलोक जैन भोपाल ने किया। तृतीय सत्र में डॉ. नरेन्द्र जैन टीकमगढ़ ने अध्यक्षता की जवकि सारस्वत अतिथि ब्र. अनिल जैन जयपुर रहे। आलेख वाचन डॉ. अमित जैन शास्त्री

# श्रीभट्ट देवाचार्य और श्री महावाणीकार हरिव्यास देवाचार्य का किया गुणगान

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री निबार्क जयंती महोत्सव की श्रंखला में शुक्रवार को श्री आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर में आदि वाणीकार श्रीभट्ट देवाचार्य महाराज एवम श्री महावाणीकार हरिव्यास देवाचार्य महाराज के चरितामृत का गुणगान किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जुगल किशोर सेनी के नेतृत्व में देवाचार्य महाराज के द्वारा रचित पदों का संगीतमय गान किया। भजनों के श्रवनपान के साथ महिला और गोप गोपियों ने भाव मय नृत्य की प्रस्तुति दी। श्री सर्वेश्वर संसद महिला मंडल एवं अन्य वैष्णवजनों के सहयोग और सौजन्य से शनिवार को उत्सव स्थल पर आनन्द कृषण विहारी जी को छप्पन भोग अर्पित कर झाकी सजाई जाएगी। साथ ही छप्पन भोग प्रसादी भी होगी।



## वेद ज्ञान

### क्रोध सबसे बड़ा दुश्मन है...

क्रोध एक नकारात्मक भाव है। क्रोध हर व्यक्ति को आता है, किसी को कम तो किसी को ज्यादा। खासकर, वर्तमान की तनाव भरी जीवनशैली में क्रोध आने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन इस पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी होता है। अनियंत्रित होने पर क्रोध विनाशकारी हो जाता है और इसके हमेशा बुरे परिणाम सामने आते हैं। अत्याधिक क्रोध मनुष्य के जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करता है। क्रोधी व्यक्ति कई तरह से न सिर्फ अपना नुकसान करता है, बल्कि उसके कार्यक्षेत्र और आपसी संबंधों में भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। क्रोधी मनुष्य को लोग उसी तरह छोड़ देते हैं, जिस तरह सूखे पेड़ को पक्षी। इसलिए क्रोध की आग उतनी ही जलाएं, जितना काबू में रख सकें। क्रोध मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसलिए कभी गुस्सा आए भी तो मनुष्य को इसे तुरंत शांत करना चाहिए। वरना क्रोध में की गई गलती के भयंकर परिणाम सामने आते हैं और तब मनुष्य के पास पछताने के अलावा कोई चारा नहीं होता है। इस स्थिति में उसे अपने क्रोध का कारण तुच्छ लगता है और उसे महसूस होता है कि उसने मूर्खता कर दी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी होती है, क्योंकि क्रोध में उसे जो अनर्थ करना था, वह वो कर चुका होता है। जो व्यक्ति प्रसन्न रहता है और अपने मन को शांत रखता है उसे कभी क्रोध नहीं आता, लेकिन जैसे ही व्यक्ति के चेहरे से मुस्कुराहट और मन से शांति गायब हो जाती है। क्रोध उस पर हावी हो जाता है और इस कारण वह अमर्यादित कार्य करने लगता है। क्रोध की चिंगारी ज्वाला बने उससे पहले ही उसे किसी भी तरह शांत कर देना चाहिए या उस पर नियंत्रण पा लेना चाहिए। नहीं तो ये ज्वाला स्वयं उस मनुष्य को ही भस्म कर देती है। क्रोध भी एक ऊर्जा है, इसलिए क्रोधी व्यक्ति का चेहरा लाल हो जाता है, लेकिन इस दौरान वह अपने मन-मस्तिष्क का पूरी तरह नियंत्रण खो देता है और गलत कार्य कर बैठता है। निःसंदेह क्रोध को दबाया जा सकता है या फिर उसे अन्य दिशा दी जा सकती है। जब हमें क्रोध आता है तो हम तुरंत उसे व्यक्त करने लगते हैं, लेकिन यदि हम कुछ देर कोई प्रतिक्रिया न करें तो हमें कोई कारण नजर नहीं आएगा।

## संपादकीय

# नए न्यायाधीश से हैं काफी उम्मीदें

अब न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ भारत के नए प्रधान न्यायाधीश बन गए। जब कभी इस पद पर कोई नया व्यक्ति आता है तो उससे नई उम्मीदें लगाई जाती हैं, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से भी लगाई जा रही हैं। शपथ लेने के पहले और उसके बाद उन्होंने कई बातें कही हैं और कुछ संकेत दिए हैं जिनसे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे क्या कुछ नया कर सकते हैं। जहां तक एक प्रधान न्यायाधीश के कुछ कर पाने का सवाल है, तो हाल का अनुभव यह है कि इस पद पर ज्यादातर न्यायाधीशों का कार्यकाल ज्यादा नहीं रहा। लेकिन न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के पास भरे पूरे दो साल हैं। इसलिए उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे जो कुछ करना चाहेंगे, उसे कर पाएंगे। शपथ लेने के पहले उन्होंने काफी कुछ कहा जिससे उनकी प्राथमिकताओं का अंदाजा लगता है। इसके अलावा उनकी पृष्ठभूमि और



कार्यशैली के आधार पर भी अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में न्यायपालिका में क्या बदलाव देखने को मिल सकते हैं। देश को एक ऐसे प्रधान न्यायाधीश मिले हैं जो मानते हैं कि संवैधानिक लोकतंत्र में कोई भी संस्था परिपूर्ण नहीं हो सकती, लेकिन हमारे पास इसे उन्नत करने की अच्छी गुंजाइश है क्योंकि हमारी न्याय व्यवस्था में अभी भी उपनिवेश काल के लक्षण हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसे ज्यादा पारदर्शी और नागरिकों के लिए सरल बनाने की बात कही है। यानी आगे यह देखा जाना महत्त्वपूर्ण होगा कि न्याय प्रक्रिया ज्यादा पारदर्शी कैसे बनेगी। प्रधान न्यायाधीश की कही एक और बात से यह संकेत भी मिलता है कि उनकी विचार व्यवस्था के केंद्र में देश का नागरिक होगा। बहुत संभव है कि उनके नेतृत्व में भारतीय न्याय व्यवस्था को अब हम सामान्य नागरिकों के हित में कुछ उदार होते हुए देखें। यह उम्मीद इस आधार पर भी लगाई जा सकती है कि कार्यभार संभालने के पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ महात्मा गांधी को नमन करने गए। महात्मा गांधी ने कहा था कि पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। इस तरह एक गुंजाइश यह बन सकती है कि कठोर दंड की बजाय अब उदारता के साथ अपराधियों के सुधार के कुछ प्रयोग होते दिखें। न्यायपालिका में समयानुकूल एक और सुधार की उम्मीद भी लगाई जा सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का भी जिक्र किया है। इस सिलसिले में गौर करने की बात यह है कि उन्होंने न्यायतंत्र में भी समयानुकूल प्रशिक्षण की जरूरत की तरफ इशारा किया है। अगर न्याय कार्य में प्रबंधन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का संकेत मिला है तो एक उम्मीद यह भी लगाई जा सकती है कि न्यायालय में प्रशासनिक कार्यों में प्रौद्योगिकी का प्रयोग बढ़ेगा। हो सकता है कि अब अदालतों में प्रशिक्षित प्रबंधकों की नियुक्ति का कार्य आगे बढ़ता दिखाई दे। बेशक इससे अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में बहुत मदद मिलेगी। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# शांति की खातिर

रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए भारत ने एक बार फिर जिस तरह से कूटनीतिक समाधान और वार्ता पर जोर दिया है, उससे साफ है कि इन दो रास्तों पर ही कदम बढ़ा कर युद्ध की लपटें शांत की जा सकती हैं। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है जब भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता की वकालत की हो। युद्ध शुरू होने के बाद से ही भारत इस बात पर जोर देता आया है कि दोनों देशों को बातचीत करनी चाहिए और कूटनीतिक समाधान के जरिए मामला सुलझाना चाहिए। लेकिन विडंबना यह है कि जंग के मैदान में कोई किसी की सुनता दिख नहीं रहा। जहां रूस पूरी ताकत के साथ यूक्रेन को सबक सिखाने पर तुला है, वहीं अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं और उसे हर तरह की मदद मुहैया करवा रहे हैं। इससे यूक्रेन का भी मनोबल बढ़ा हुआ है। हालांकि बीच-बीच में ऐसे संकेत भी मिलते दिखे कि दोनों देशों के बीच बातचीत का रास्ता बन सकता है। लेकिन परमाणु हमलों के इस्तेमाल की रूस की धमकियों और पश्चिमी देशों की राजनीति से ऐसी उम्मीदों पर पानी फिरता रहा। दोनों देशों के बीच जंग चलते नौ महीने हो चुके हैं। इसलिए यह सवाल हर क्षण महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है कि जंग को रुकवाया कैसे जाए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मास्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात में एक बार फिर यही बात दोहराई कि यह वक्त युद्ध का नहीं है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग रोकने की अपील करते हुए यही बात कही थी। इसमें तो कोई संदेह नहीं कि युद्ध की वजह से यूक्रेन तो तबाह हो ही चुका है, रूस की हालत भी खराब होती जा रही है। लेकिन इससे भी बड़ा संकट यह है कि इस युद्ध की वजह से दुनिया के कई देश आर्थिक संकट में फंस गए हैं। रूस यूरोप के ज्यादातर देशों को तेल और प्राकृतिक गैस देता है। इसके अलावा यूक्रेन और रूस दोनों ही गेहूं के बड़े निर्यातक हैं। इसलिए हर कोई अब इस कोशिश में है कि जंग को रुकवाया जाए। लेकिन रास्ता इतना आसान लग नहीं रहा। रूस के साथ भारत के रिश्ते दुनिया से छिपे नहीं हैं। दशकों से रूस भारत के हर मामले में संबंधों का निर्वाह करता आया है और भारत ने भी उसे वही मान-सम्मान दिया है। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद अमेरिका ने रूस की आलोचना करने, उसके खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में मतदान करने और उससे तेल नहीं खरीदने जैसी बातों को लेकर भारत पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। अभी भी मास्को में अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत के बाद विदेश मंत्री ने यही दोहराया कि अपने नागरिकों को किफायती दरों पर तेल मुहैया करवाना सरकार का मौलिक कर्तव्य है और इसके लिए भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। भारत का यह रुख अमेरिका के लिए किसी कड़े संदेश से कम नहीं है। भारत चाहता है कि किसी भी तरह से रूस और यूक्रेन बातचीत की मेज पर आएं और उन आशंकाओं को दूर करें जिनसे लग रहा है कि यह जंग कहीं तीसरे विश्वयुद्ध का रूप धारण न कर ले। इसीलिए उसने रूस को वार्ता का सुझाव दिया है। अब देखना यह है कि रूस का क्या रुख रहता है।

# आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज आचार्य पदारोहण पर 51 दीपों से की महाआरती

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

जैन दर्शन के प्रमुख संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को आचार्य पद प्रतिष्ठा पर पचास वर्ष अहिंसा धर्म की प्रभावना करते हुए व्यतीत हो गये दादा गुरु आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज ने आज ही आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को आचार्य पद पर प्रतिष्ठित किया था। तब से ही आचार्य भगवंत धर्म समाज राष्ट्र के साथ संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में लगे हैं। देश से बेरोजगारी के उन्मूलन के लिए हस्तकरघा अहिंसक वस्त्रो को बढ़ावा, बेटियो को संस्कारित शिक्षा जैसे आयाम हम सब के लिए आदर्श है उक्त आशय के उद्गार मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से निर्मित श्री शांतिनाथ त्रिकाल चौबीस मन्दिर में 51 वे आचार्य पद समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

## दीप प्रज्वलित कर किया समारोह का शुभारंभ

इसके पहले जैन मिलन के तत्वावधान में शान्ति नगर में आचार्य पद स्वर्ण महोत्सव में




आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन अध्यक्ष मनोज जैन भोला, मंत्री संजीव महावीर, नीलू मामा, नितिन बज, मनीष सिघाई, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजयधुर्रा थूवोनजी, कमेटी के अध्यक्ष अशोक टिंगू, महामंत्री विपिन सिंघाई, सुनील वेलई, धनकुमार वल्ला ने किया ।इसके बाद युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों पर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की महा आरती श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला की बहनों बच्चो के साथ उपस्थित भक्तों द्वारा की गई। इस दौरान नाचते गाते भक्तों ने संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी महाराज के जय कारों से सभा मंडप को गुजिंत कर दिया। इस दौरान थूवोनजी के महामंत्री विपिन सिंघाई, अमित वरोदिया ने अपनी भावनाएं व्यक्त की। आभार सुनील वेली ने माना। इस दौरान श्रेयांस जैन घेला परिवार व चन्द्रेश वासंल परिवार द्वारा बच्चो को पुरस्कार प्रदान किए गये। दीप माल के साथ निकाली शोभा यात्रा इसके पहले आचार्य भगवंत के स्वर्ण जयंती पद दिवस समापन समारोह पर गंज मन्दिर से श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई



जिसमें आगे आगे बेन्ड बाजे, उनके बाद स्वर्ण जयंती समारोह का बैनर, इसके बाद पाठशाला के पदाधिकारी थालो में दीप लिए उनके बाद पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चे जय जय कार करते हुए चल रहे थे उनके पीछे पाठशाला परिवार की बहने चल रही थी ।य शोभायात्रा मैन बाजार, नेहरु बाल उधान रोड़,इन्द्र पार्क, सुराना पार्क पहुंची। वहां गांव मन्दिर पाठशाला, पार्श्वनाथ पाठशाला परिवार जूलूस लेकर प्रोसेशन हुए। सभी मिलकर शान्ति नगर मन्दिर के लिए जय जय कार करते हुए धर्म सभा में बदल गई जहां पाठशाला परिवार का सम्मान जैन मिलन व थूवोनजी कमेटी द्वारा किया गया।

# कोटा दादाबाड़ी नशियाँ जी मे भव्यता के साथ ठीक 8 बजे 201 सदस्यो ने 201 दीपक के साथ संगीतमय महाआरती का आयोजन



**कोटा. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला सम्भाग कोटा द्वारा आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज का स्वर्णिम पदारोहण दिवस दादाबाड़ी नशियाँ जी मे भव्यता के साथ ठीक 8 बजे 201 सदस्यों ने 201 दीपक के साथ संगीतमय महाआरती के साथ मनाया। अध्यक्ष मधु शाह ने बताया प्रातः संगीतमय आचार्य परमेष्टि विधान पंडित पारस भय्या एवम संगीतकार सौरभ द्वारा करवाया गया। पदारोहण के उपलक्ष्य में संस्कार डे केयर होम में बच्चो के लिए 10001 की राशि से सहयोग किया गया।सायंकालीन आरती में महासमिति की सदस्याएं, हुकुम काका, जे के जैन दादाबाड़ी, कैलाश पापडी वाल, सजंय दुगेरिया, अर्चना सर्राफ, विद्या सागर बालक छात्रवास के बालक बालिकाएं, सभी उम्र के पुरुष महिलाएं बच्चो ने भाग लिया। किरण जैन, रजनी जैन ने बताया कि कोटा के महावीर नगर, रामपुरा, अंता, लाल मन्दिर, स्टेशन, इकाईयों ने एवम प्रत्येक जिन मन्दिर में हजारो दीपकों से एक साथ ठीक 8 बजे महाआरती की गई।



# सेठ जगन्नाथ कपूरचन्द जैन मेमोरियल ट्रस्ट, झिलाय
# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, राज. रीजन, जयपुर
# श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

के संयुक्त तत्वावधान में

Reg. 834/06-07

## सोश्यल एण्ड ब्लड एड सोसायटी, जयपुर (SABAS)
## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर द्वारा

## 8 वाँ निःशुल्क नेत्र जाँच, लैस प्रत्यारोपण एवं रक्तदान शिविर

# सम्मान एवं समापन समारोह

सोमवार, 14 नवम्बर 2022
प्रातः 9.30 बजे से

स्थान : श्री आदिनाथ भवन
मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

### शिविर सहयोगी संस्थाए

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर, जयपुर * श्री आदिनाथ फाउण्डेशन, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर
जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी, जयपुर * श्री आदिनाथ महिला जागृति परिषद्, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

**2013 से 2019 तक आयोजित 7 शिविरो में लगभग 7000 रोगियों की नेत्र जाँच एवं 1067 नेत्र लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन करवाये गये हैं।**

### नेत्र जाँच एवं रक्तदान शिविर

शनिवार 12 नवम्बर, 2022
प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक
स्थान : राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, झिलाय, तह. निवाई (टोंक)

झिलाय में आयोजित शिविर में लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित रोगी शनिवार 12 नवम्बर को सायं 5 बजे दिगम्बर जैन आदिनाथ भवन, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर लाये जायेंगे। रोगियों के ऑपरेशन रविवार 13 नवम्बर 2022 को नवीन तकनीक व आधुनिक मशीनों द्वारा डॉ. वीरेन्द्र लेजर, फेको सर्जरी सेन्टर, टोंक रोड, जयपुर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किये जायेंगे। सोमवार 14 नवम्बर को प्रातः 11 बजे

### सम्मान व समापन समारोह

सोमवार 14 नवम्बर, 2022 प्रातः 9.30 बजे से
स्थान : श्री आदिनाथ भवन, मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

**दीप प्रज्वलनकर्ता**
श्रीमान् सुशील कुमार पहाड़िया
अध्यक्ष, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति

**मुख्य अतिथि**
श्रीमती तारा देवी अजमेरा
धर्मपत्नी स्व. श्री राजेश कुमार अजमेरा
श्री विनीत, श्री विशाल अजमेरा

**अध्यक्षता**
श्रीमान् सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या
राष्ट्रीय महामंत्री, दिगम्बर जैन महासमिति

**गौरवमय अतिथि**
श्रीमान् यशकमल अजमेरा
निवर्तमान अध्यक्ष
दि. जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

**गौरवमय अतिथि**
श्रीमान् राजीव जैन
पी.आर.ओ.
जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन नॉर्दन रीजन

**विशिष्ट अतिथि**
श्रीमान् महेन्द्र कुमार रांवका
प्रमुख समाजसेवी
मानसरोवर

**विशिष्ट अतिथि**
श्रीमान् विजय जैन झांझरी
प्रमुख समाजसेवी
मानसरोवर

### आयोजक

**सोश्यल एण्ड ब्लड एड सोसायटी, जयपुर**
राकेश गोदिका (अध्यक्ष), सुरेश जैन (संस्थापक अध्यक्ष), राकेश संघी (कोषाध्यक्ष), जय कुमार बड़जात्या (सचिव)

**दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर**
राकेश गोदिका (अध्यक्ष), दिनेश गंगवाल (परामर्शक), मनीष लोंग्या (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), अनिल रांवका (सचिव), अनिल जैन (कोषाध्यक्ष), कमल-मंजू ठोलिया (संयोजक), प्रदीप-प्रावी जैन (संयोजक), राजेश-रानी पाटनी (संयोजक), संजीव-रश्मि जैन (संयोजक)

**शिविर सहयोगी**

**जैन सोश्यल ग्रुप महानगर, जयपुर**
संजय छाबड़ा 'आवा' (अध्यक्ष), प्रदीप जैन (संस्थापक अध्यक्ष), अनुज जैन (सचिव)

**श्री आदिनाथ फाउण्डेशन, मानसरोवर**
अनिता जैन (प्रमुख न्यासी), नरेश कुमार जैन (प्रबन्ध न्यासी)

**श्री आदिनाथ महिला जागृति परिषद्**
श्रीमती सुशीला जैन रांवका (अध्यक्ष), श्रीमती रश्मि जैन सांगानेरिया (सचिव), श्रीमती रेणु पाटनी (कोषाध्यक्ष)

**जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी**

### निवेदक

**सेठ जगन्नाथ कपूरचन्द जैन मेमोरियल ट्रस्ट, झिलाय**
के. एम. जैन (अध्यक्ष), डॉ. पी. सी. जैन (मंत्री), महावीर प्रसाद जैन (संयोजक), राजेश जैन (संयोजक), जितेन्द्र जैन (संयोजक), प्रहलाद चौधरी (संयोजक)

**दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, राज. रीजन, जयपुर**
राजेश बड़जात्या (अध्यक्ष), अनिल जैन (संस्थापक अध्यक्ष), निर्मल संघी (सचिव), यश कमल अजमेरा (नि. अध्यक्ष), पारस कुमार जैन (कोषाध्यक्ष)

**श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति**
सुशील कुमार जैन (अध्यक्ष), सुनील बैनाड़ा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), वेदकरण चौधरी (उपाध्यक्ष), राजेन्द्र कुमार सेठी (मंत्री), मनोज कुमार जैन (संयुक्त मंत्री), लोकेन्द्र कुमार जैन (कोषाध्यक्ष), अशोक कुमार सेठी (संगठन मंत्री), जम्बू कुमार सोगाणी (सांस्कृतिक मंत्री)

# साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस का प्रशिक्षण




जयपुर. शाबाश इंडिया। 21वीं सदी में कैसे करे इंटरनेट का सदुपयोग विषय पर एंटी करप्शन फाउंडेशन जयपुर राजस्थान द्वारा महात्मा गांधी एन वी डी विशिष्ट विद्यालय में बच्चों के लिए साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अभियान में करीब 150 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया, जिसके अंतर्गत आईटी एवं साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट नितिन सैनी द्वारा पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान में होने वाले साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताये गए। इंटरनेट से होने वाले साइबर क्राइम्स को पहचानकर इंटरनेट का उपयोग पूरी सिक्योरिटी के साथ कैसे करें, साथ मे ऑनलाइन पढ़ाई व ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कैसे करे जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी दी गयी। इस मौके पर एन्टी करप्शन फाउंडेशन जयपुर राज. के डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर सुनील कुमार एवं विद्यालय प्रधानाचार्य कविता गर्ग द्वारा नितिन सैनी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

## भक्ति संग्रह 'अमृत की बूंद' का विमोचन



जयपुर. शाबाश इंडिया

विश्व गुरु महामंडलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानंद पुरी जी अपने देश-विदेश के शिष्यों के साथ जयपुर स्थित विश्व गुरुदीप आश्रम में एक दिवसीय प्रवास पर आए। आश्रम में शाम को सत्संग के दौरान प्रिय शिष्य वी पी शर्मा 'विजय' की लिखित भक्ति संग्रह की तीसरी पुस्तक 'अमृत की बूंद' का विमोचन किया। इस मौके पर स्वामी जी ने जीवन में शाकाहार के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर महामंडलेश्वर ज्ञानेश्वरपुरी ने बताया कि विश्व गुरु 1 दिन प्रवास के बाद दिल्ली होते हुए विदेश रवाना हो गए।

## संत सुधासागर बालिका छात्रावास सांगानेर की बालिकाओं द्वारा महाआरती का आयोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के 50वें आचार्य पद पदारोहण दिवस पर श्रमण संस्कृति संस्थान संत सुधासागर बालिका छात्रावास सांगानेर की बालिकाओं द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास व भक्तिभाव से महा आरती श्री दिगम्बर जैन मंदिर संघी जी सागानेर में की गई।

# 67 लाख बच्चों के लिए सीएम ने बनाई योजना

### 15 को करेंगे शुभारंभ, जयपुर में होगा कार्यक्रम

जयपुर. शाबाश इंडिया



सरकारी स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक के करीब 67 लाख बच्चों को बाल गोपाल दूध और निःशुल्क यूनिफॉर्म योजना का शुभारंभ 15 नवंबर को किया

**एसएमएस स्टेडियम में हो सकता है कार्यक्रम।**

जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत योजना को शुरू करेंगे। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से योजना के शुभारंभ की तैयारियां शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम एसएमएस स्टेडियम में प्रस्तावित किया गया है। इस दिन करीब पांच हजार बच्चों को बुलाया जाएगा। यहां पर मुख्यमंत्री तीन छात्र और तीन छात्राओं को दूध पिलाकर और यूनिफॉर्म वितरित कर योजना का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले ही स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से स्कूलों में दूध पाउडर और यूनिफॉर्म विरतण करवा दिया गया है। गौरतलब है कि सरकार ने दोनों योजनाओं की घोषणा बजट में की थी। स्कूलों में सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को दूध वितरण किया जाएगा। वहीं, एक से आठ तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म मिलेगी।

## मानसरोवर मे आचार्य श्री विद्यासागर पदारोहण दिवस आयोजित



जयपुर. कासं। श्री दिगम्बर जैन मंदिर अहिंसा मार्ग राधा निकुंज मानसरोवर मे जयपुर रात्रि 8 बजे अहिंसा ग्रुप द्वारा परम पूज्य संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनि राज के 50 वे स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर महाआरती का आयोजन उल्लास एवं भक्ति के साथ किया गया व सभी ने बहुत आनंद एवं उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता प्रदान की।

## मित्तल ने नगरपालिका अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला

नसीराबाद. शाबाश इंडिया। नसीराबाद नगरपालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में निर्वाचित हुई अनीता मित्तल ने शुक्रवार को विधायक रामस्वरूप लाम्बा की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष पद का कार्यभार विधि-विधान पूर्वक संभाल लिया। नगरपालिका प्रशासन की ओर से विधायक रामस्वरूप लाम्बा, नगरपालिका अध्यक्ष अनिता मित्तल, उपाध्यक्ष शंभू साहू व पार्षदों का स्वागत किया गया एवं नगरपालिका की ओर से करवाये जा रहे विकास कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक रामस्वरूप लाम्बा ने नगरपालिका क्षेत्र के विकास हेतु सदेव सहयोग देने की बात कही।



नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मित्तल ने कहा कि वर्तमान बोर्ड के 2 वर्ष शेष हैं और उनका प्रयास रहेगा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधिगण के सहयोग से रुके हुए सभी कार्य पूर्ण करवा सकें।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर अठारह महाराज पानों का दरीबा मे आचार्य पदारोहण दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर अठारह महाराज पानो का दरीबा सुभाष चौक मे आचार्य श्री विद्या सागर जी के 50 वे आचार्य पदारोहण दिवस मनाया गया। शमीर्ला बिलाला सुभाष चौक ने बताया कि अध्यक्ष रवि पांड्या व मंत्री अनिल बिलाला के सनिध्य मे आचार्य श्री विद्या सागर जी के 50 वे आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर प्रातः धूमधाम से आचार्य श्री की पूजा की और शाम को बड़े ही धूमधाम से महाआरती का भव्य आयोजन किया।

# पद्मप्रभु विधान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित पदमप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मुनि शुभम सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पदम प्रभु विधान आयोजित हुआ। पूनम चंद सेठी एवं कल्पना सोगानी के निर्देशन में दोपहर 12:30 बजे विधि- विधान पूर्वक विधान पर मांगलिक क्रियाऐ की गई इस उपरांत वाद्य यंत्रों की मधुर संगीत के साथ श्रावक-श्राविकाएं नाचते गाते 71 अर्घ समर्पण किये । मुनि सक्षम सागर महाराज के मुखारविंद से विधान को संपन्न कराया। प्रचार- प्रसार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या में भक्तामर की महाआरती एवं महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति गीतों का सुंदर कार्यक्रम संपन्न हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि आज 12 नवंबर प्रातः 6:30 बजे मंदिर में आचार्य वैराग्यनंदजी महाराज ससंघ 21 पिछी का मुनि शुभम सागर महाराज ससंघ एवं आर्यिका चिन्मयमति माताजी संघ का मिलन होगा ।
तीन अलग-अलग आचार्यो के मुनि संघ का मिलन भीलवाड़ा में पहली बार हो रहा है।

# श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में महाआरती का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर हरी मार्ग सिविल लाइन महिला मंडल अध्यक्ष किरण बगड़ा, मंत्री चंदनबाला जैन व समस्त महिला मंडल द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 50वेआचार्य पदारोहण के उपलक्ष में दिनांक 10 नवंबर शाम 8:00 बजे मंदिर प्रांगण में महा आरती की गई जिसमें श्याम नगर सिविल लाइन महासमिति संभाग की मंत्री वंदना सेठी व संभाग की अन्य सदस्या भी उपस्थित थी।

# 5 दिवसीय एक्यूप्रेशर नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का समापन



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** राजमल पाटनी चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता /मुंबई द्वारा प्रकाशचंद एवं उनके सुपुत्र आदित्य पाटनी के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वावधान में 5 दिवसीय एक्यूप्रेशर निःशुल्क चिकित्सा शिविरद्द दिनांक 7 नवम्बर से 11 नवम्बर तक पांड्या धर्मशाला में आयोजित किया गया । शिविर प्रभारी महक पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉक्टर विनोद कुमार एवं डॉक्टर कोमल गौड़ की टीम द्वारा शिविर में 620 की जांच कर उचित उपचार कर परामर्श दिया गया। शिविर में सुजानगढ़, लाडनूं, छापर, बीदासर, जसवंतगढ़ इत्यादि गांवो के रोगी लाभान्वित हुए ।उल्लेखनीय है कि शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर कुलदीप वर्मा की सेवा से भी सैकड़ों रोगी लाभान्वित हुए शिविर समापन पर तीनो चिकित्सको का विधायक मनोज मेघवाल के मुख्य आथित्य में हुए समापन समारोह कार्यक्रम में समिति द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, दिगम्बर जैन समाज के मंत्री पारसमल बगड़ा, समाजसेवी डूंगरमल गंगवाल, संतोष गंगवाल, बजरंग सैन, पार्षद इदरीश गोरी, पार्षद सुनीता रावतानी, समाजसेविका रश्मि शर्मा, प्रेमलता देवी बगड़ा, वीणा देवी छाबड़ा, प्रीति देवी बगड़ा, नेहा सेठी, मंजू देवी पाटनी, नीलम देवी बगड़ा, सुनीता देवी बगड़ा,मंजू देवी पहाड़िया,उषा देवी काला,सहित काफी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# भारतीय डेयरी एवं खाद्य उद्योग विजन-2030 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आज




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के संघटक डेयरी एवं फूड प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा एल्युमनी एसोसिएशन सीडीएफटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय के सभागार में भारतीय डेयरी एवं खाद्य उद्योग विजन- 2030 विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित होगा। एल्युमनी एसोसिएशन सीडीएफटी अध्यक्ष डॉ. करुण चण्डालिया ने बताया कि कोरोना की महामारी एवं लंपी बीमारी से उत्पन्न डेयरी एवं खाद्य उद्योग के समक्ष जो चुनौतियां आयी हैं उसी परिप्रेक्ष में भारतीय डेयरी एवं खाद्य उद्योग में वर्ष 2030 तक के विजन पर चर्चा के लिए इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है।जिसमें देश विदेश से 500 से अधिक छात्र, प्रोफेशनल एवं शोधकर्ता भाग लेंगे। सेमिनार के मुख्य वक्ता भारतीय डेयरी एसोसिएशन (आईडीए) उत्तर जोन अध्यक्ष डॉ. एस.एस. मान और मुख्य अथिति राजस्थान सहकारी डेयरी फेडरेशन की प्रबन्ध संचालक आईएस सुषमा अरोड़ा होंगे। डेयरी एवं तकनीकी महाविद्यालय उदयपुर के अधिष्ठाता डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गुजरात कॉर्पोरेटिव मिल्क मार्केटिंग लिमिटेड अमूल के सीओओ जयन मेहता होंगे वहीं सेमिनार की अध्यक्षता महाराणा प्रताप औद्योगिक विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति श्री अजीत कुमार कर्नाटक करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर उदयपुर में आयोजित पहली सेमिनार में डेयरी एवं खास क्षेत्रों में कार्यरत निजी एवं सहकारी क्षेत्र की संस्थाओं के प्रतिनिधि सहभागिता निभाएंगे।



# महासमिति अंजना संभाग विवेक विहार द्वारा महाआरती का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।**
श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर , विवेक विहार ,जयपुर में श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल अंजना संभाग विवेक विहार एवंम सकल आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विवेक विहार के तत्वावधान में रात्रि ठीक 8.00 बजे परम पूज्य संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के 50 वे स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर महाआरती का आयोजन बड़े ही हर्षोउल्लास एवं भक्ति के साथ हुआ। सभी ने बहुत आनन्द एवं उत्साह के साथ इस आयोजन में सहभागिता प्रदान की। आचार्यश्री की आरती सभी श्रावक श्राविकाओं ने बहुत ही भक्तिमय में रूप में की। आरती के पश्चात भजन एवंम आचार्यश्री के नारे लगाके माहौल को बहुत ही भक्तिमय बना दिया।






# आचार्य श्री विद्या सागरजी महा के 50 वे आचार्य पदारोहण दिवस पर महाआरती का आयोजन



**सूरत. शाबाश इंडिया।** दिंगबर जैन महासमिति एवं सकल दिंगबर जैन समाज सुरत के तत्वावधान मे महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। श्री पार्श्वनाथ मंदिर भटार मे समाज के अध्यक्ष कैलास पाटनी, कमल छाबडा बिज्जु, अशोक, राजीव भूच, कमलेश गॉधी, संजय गदिया, महासमिति की अध्यक्ष मंजू गोधा, सचिव संगीता जैन, कोषाध्यक्ष सिम्पल गदिया एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महासमिति की युवा मंत्री प्रतिभा खासगीवाल ने किया तत्पश्चात मिट्ठू छाबडा ने सुंदर मंगलाचरण करके कार्यक्रम की शुरूआत की। सचिव संगीता जैन ने बताया कि संगीत के साथ गायक कलाकार पुर्वी गॉधी ने अपनी सुमधुर आवाज मे आरती की। ठीक 8 बजे आरती की शुरूआत की गई। सुरत शहर की सभी पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चे बालक बालिका महिला पुरुष सबने मिलकर आचार्य श्री के हाईकु को पोस्टर हाथ मे लेकर जुलुस भी निकाला। जुलुस में सैंकड़ो की संख्या में जनसमुदाय मौजूद थे।

## गुरू समकित को आदर की चादर एवं अभिनंदन पत्र समर्पित

# बाबेल निवास पर हुई प्रार्थना सभा में दिया मंगल संदेश

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** आगम मर्मज्ञ, प्रज्ञामहर्षि डॉ. समकितमुनिजी म.सा. आदि ठाणा धन्यावाद यात्रा के तहत शुक्रवार सुबह चन्द्रशेखर आजादनगर रूप रजत विहार से मंगलविहार करके चित्तौड़ रोड स्थित सज्जन विलास कॉलोनी में ललित - नीता बाबेल के निवास पर पहुंचे। यहां आयोजित प्रार्थना सभा में बाबेल परिवार की ओर से गुरूदेव समकितमुनिजी म.सा. को आदर की चादर समर्पित कर अभिनंदन किया। इसके बाद श्याम विहार में आयोजित प्रवचन के दौरान जैन कॉन्फ्रेंस की राजस्थान महिला शाखा की ओर से प्रान्तीय अध्यक्ष नीता बाबेल व महामंत्री चंदा कोठारी और पदाधिकारियों ने गुरूदेव को शांतिभवन श्रीसंघ की ओर से आगम मर्मज्ञ की पदवी प्रदान करने पर अभिनंदन पत्र समर्पित कर अपनी भावनाओं का इजहार किया। पूज्य समकितमुनिजी म.सा., भवान्तमुनिजी म.सा. एवं जयवंतमुनिजी म.सा. के सुबह विहार करके प्रार्थना सभा के लिए बाबेल निवास पर पहुंचते ही भगवान महावीर के जयकारों के साथ बाबेल परिवार के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन करते हुए स्वागत किया।




सुबह के समय ही गुरूदेव के मुखारबिंद से प्रार्थना श्रवण करने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं भी पहुंच गए। गुरूदेव ने प्रार्थना में विभिन्न भजनों के माध्यम से धर्म आराधना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस आयोजन का श्रेय जैन कॉन्फ्रेंस की प्रान्तीय महिला शाखा अध्यक्ष सुश्राविका नीता बाबेल को कहा कि यह उनके प्रयासों से ही ये संभव हो पाया। उन्होंने बाबेल परिवार की धर्म से जुड़ाव एवं सामाजिक व धार्मिक कार्यों के प्रति समर्पित भाव की सराहना करते हुए पूरे परिवार के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं व्यक्त की। इस मौके पर बाबेल परिवार के सदस्यों ने गुरूदेव के आगमन को परम सौभाग्य बताते हुए आभार जताया। बाबेल परिवार के सदस्यों चांददेवी, सुभाषचन्द्र बाबेल, महावीर बाबेल, ललित बाबेल, अमरसिंह डूंगरवाल, नीता बाबेल, संगीता बाबेल बादाम बाबेल आदि ने गुरूदेव को आदर की चादर समर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की। नीता बाबेल, लाड़जी मेहता, चंदा कोठारी, अरूणा पोखरना आदि ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। प्रार्थना सभा में जयवंत मुनिजी म.सा. ने भी गीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुनिवृन्द श्याम विहार के लिए विहार कर गए। श्याम विहार में आयोजित प्रवचन सभा में जैन कॉन्फ्रेंस की महिला शाखा की ओर से पदाधिकारियों ने गुरूदेव को शांतिभवन श्रीसंघ की ओर से आगम मर्मज्ञ की पदवी प्रदान करने पर अभिनंदन पत्र समर्पित किया। अभिनंदन पत्र समर्पित करने से पूर्व उसका वाचन संगठन की प्रान्तीय महामंत्री चंदा कोठारी ने किया। गुरूदेव को अभिनंदन पत्र समर्पित करने वालों में जैन कॉन्फ्रेंस पदाधिकारियों के साथ शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष राजेन्द्र चीपड़, महावीर युवक मंडल के मंत्री अनुराग नाहर, शांति जैन महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता चौधरी, मंत्री सरिता पोखरना, अहिंसा भवन महिला अध्यक्ष प्रतिभा बम्ब आदि भी शामिल थे। कॉन्फ्रेंस पदाधिकारियों ने कहा कि गुरूदेव ने आगमों की वाणी को जिस सहज व सरल भाषा में आम श्रावक-श्राविका को समझाया वह हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। पूज्य समकितमुनिजी ने पूरे जैन कॉन्फ्रेंस परिवार व श्रावक संघ के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त की।



# इचलकरंजी समाज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया आचार्य विद्यासागर जी महाराज का 50वा आचार्य पद आरोहण दिवस

**इचलकरंजी. शाबाश इंडिया**

10 नवंबर रात्रि 8:00 बजे पद्मप्रभु जिन मंदिर इचलकरंजी में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संकल्प ग्रुप पदम प्रभु महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर बहुत उत्साह एवं उमंग के साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 50 वे आचार्य पद आरोहण दिवस के उपलक्ष में 108 आरती की थालीयों के साथ महा आरती की । श्री



दिगंबर जैन महिला महासमिति इचलकरंजी अध्यक्ष सुमन संदीप पाटनी, मंत्री दीपा बारवाड़ी ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर की बहुत सुंदर साथ सजावट की गई अति मनमोहक रंगोली बनाई गई। पूरे जिन मंदिर को दीपक से सजाया गया एवं 108 एक जैसी थालियां आरती के लिए तैयार की गई । आचार्य ज्ञानसागर पाठशाला के बच्चों ने भी बड़े उत्साह से इस महाआरती में हिस्सा लिया। 1008 पद्मप्रभु मंदिर की कमेटी के सभी सदस्यों ने बहुत श्रद्धा एवं समर्पण के साथ इस दिवस को अति उत्साह पूर्वक मनाया ।



Rotary | UDITA | IMAGINE ROTARY

On behalf of Rotary International District 3054
Rotary Club Jaipur Bapu Nagar
cordially invites you for your gracious presence in

UDITA T10 CRICKET CHAMPIONSHIP-2022

DISTINGUISHED GUESTS

Dr. Satish Poonia — State BJP President, MLA, Amber
Dr. Krishna Poonia — President, Raj. State Sports Council, MLA Churu
Rtn. Dr. Balwant Singh Chirana — District Governor
Rtn. Dr. Nirmal Kunawat — District Governor Elect
Rtn. Anurag Agarwal — Chairman, Arya Collage Engg. & IT
Rtn. Dr. Ashok Gupta — Past District Governor, Vice Chancellor, IIS University
Rtn. Suresh Poddhar — AKS CMD, Mayur Uniquoters Limited
Sh. Gopal Saini — President, Raj. Athletics Association, Asian Champion Arjun Award

as per Programme

Saturday, 12 Nov. 2022
Inauguration & Quarter Finals
Time : 8 am to 5 pm
Venue : Arya Collage of Engg. & IT, Kukas Dehli Road, Jaipur

Saturday, 12 Nov. 2022
Gala Dinner & Cultural Evening
Time : 7 pm onwards
Venue : Gaurav Garden, Opp. Jharkhand Mahadev Mandir Queens Road, Vaishali Nagar, Jaipur

Sunday, 13 Nov. 2022
Semi Finals, Final Winner Trophy Distribution & Closing Ceremony
Time : 8 am to 4 pm
Venue for Cricket Matches:
Arya Collage of Engg. & IT, Kukas, Dehli Road, Jaipur

R.S.V.P.

Rtn. Neeraj Agarwal — Distt. Secretary General
Rtn. Er. P. C. Sanghi — Event Chairman
Rtn. R. S. Gupta — President Host Club
Rtn. Dr. Sudhir Calla — Patron Host Club
Rtn. Dr. Arun Arya — Event Coordinator
Rtn. Meeta Mathur — Secretary Host Club
Rtn. Brajesh Gupta — Event Secretary
Rtn. Rajendra Tiwari — Event Joint Secretary

DISTRICT ORGANIZING COMMITTEE

Rtn. Sudhir Jain — Charter President, RCJ Citizen
Rtn. Raju Mangodi Wala — Past President, RCJ Round Town
Rtn. Rajendra Gupta — Past President, RCJ Bapu Nagar
Rtn. K. S. Dhillon — AG Zone 34, League Coordinator, Jaipur
Rtn. Saurabh Khandelwal — League Coordinator, Ahmadabad
Rtn. Dattu Trivedi — League Coordinator, Bhuj, Kutch
Rtn. Yogesh Pagaria — League Coordinator, Udaipur
Rtn. Rajeev Pabuwal — AG Zone 33
Rtn. Tarun Jain — AG Zone 6
Rtn. Ritu Vaishnav — AG Zone 19
Rtn. CA Manoj Jain — AG Zone 31
Rtn. Harmender Sharma — AG Zone 32
Rtn. Rajesh Khatri — AG Zone 35
Rtn. Vineet Jain — Event Coordinator, RCJ Citizen

# रोटरी टी-10 क्रिकेट चैंपियनशिप का आगाज

जयपुर. शाबाश इंडिया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट में पहली बार हो रहे दो दिवसीय क्रिकेट के मैचों का आयोजन रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर द्वारा उदिता क्रिकेट इवेंट चेयरमैन इंजीनियर पी सी संघी एवम क्लब प्रेसिडेंट राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रोटरी डिस्ट्रिक्ट3054 द्वारा किया जा रहा है ।जिसमें गुजरात व राजस्थान के रोटरी क्लबों की क्रिकेट टीमें दिनांक 12 नवम्बर से क्वाटर फाइनल के लिए आर्या कॉलेज कूकस के मैदान में भिड़ेंगी ।आज दिनांक 12 नवंबर से सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जाएंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विधायक बी जे पी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स कौंसिल की चेयरमेन पद्मश्री डा. कृष्णा पूनिया , प्रेसिडेंट राजस्थान एथलीट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन अवार्डी गोपाल सैनी, रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा. बलवंत सिंह चिराना , पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर IIS university के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता, आर्य इन्जीनियरिंग कालेज के प्रेसिडेंट रोटे. अनुराग अग्रवाल, डाइरेक्टर अरूण आर्या, डिस्ट्रिक्ट सेकेट्री नीरज अग्रवाल व कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेगें ।13 को फैलोशिप के लिए रोटरी लेडीज का भी मनोरंजक मैच होगा और फाइनल मैच के बाद विजेता टीमों व खिलाड़ियों को ट्रॉफीयों से सम्मानित किया जाएगा।

# केकडी में महाआरती का आयोजन



**केकडी. शाबाश इंडिया।** श्री चंद्रप्रभु चैत्यालय केकडी में जैन समाज द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी के पदारोहण दिवस के उपलक्ष में महाआरती का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डिंपल बज मंत्री मधु सिहल व कोषाध्यक्ष आशा जैन ने बताया कि आयोजन महासमिति द्वारा किया गया।

# मुंगावली संभाग द्वारा शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे आरती सजाओ प्रतियोगिता आयोजित



**मुंगावली. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मुंगावली ने आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के 51 वे आचार्य पदारोहण दिवस पर श्री 1008 शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मुंगावली संत निवास में महाआरती खूब धूमधाम से भक्ति भाव से की। समाज द्वारा आयोजित आरती सजाओ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। श्री दिगंबर जैन महिला समिति संभाग मुंगावलीअध्यक्ष श्रीमती वंदना फट्टा,मंत्री श्रीमती आराधना जैन ने बताया कि महाआरती मे सभी का उत्साह देखते हुए बनाता था।

# 51वां पदारोहण दिवस भक्ति पूर्वक मनाया



जयपुर. शाबाश इंडिया। विश्व वंदनीय प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस पर बड़ी भक्ति भाव से श्री दिगंबर महासमिति प्रथम महिला संभाग मानसरोवर और दिगंबर समाज मानसरोवर ने वरुण पथ जैन मंदिर मानसरोवर मे सर्वप्रथम 48 दीपकों द्वारा महाअर्चना कर दीप प्रज्वलित किए तत्पश्चात महा आरती का आयोजन ठीक 8:00 बजे उल्लास के साथ हुआ । आरती के बाद पिंकी कासलीवाल ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। अध्यक्ष तारामणि गोधा ने बताया कि राष्ट्रीय महिला समिति के आह्वान पर पूरे भारतवर्ष में एक साथ यह कार्यक्रम कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया ।कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ ।मंदिर कमेटी अध्यक्ष एमपी जैन मंत्री जेके जैन एवं महासमिति संस्थापक अध्यक्ष चंद्रकांता छाबड़ा, परामर्शक हीरामणि छाबड़ा, मंत्री अनिता लुहाडिया एवं समस्त सदस्य की सहभागिता रही ।



# आचार्य श्री का सामूहिक महाआरती कर पदारोहण दिवस मनाया

**चित्तौड़गढ़. शाबाश इंडिया**

श्री सकल जैन समाज व श्री दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा आचार्य 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के स्वर्णिम पदारोहण दिवस के पावन दिवस पर 10 नवंबर रात्रि 8:00 बजे मांगलिक धाम में महाआरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया।सकल समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश अजमेरा व महामंत्री रमेश अजमेरा ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में एकसाथ इस कार्यक्रम का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संरक्षिका मनोरमा अजमेरा व नम्रता गदिया द्वारा मंगलाचरण से



की गई।महिला महासमिति की अध्यक्ष मंजू सेठी व युवा महासमिति के हेमंत टोंग्या ने बताया कि आचार्य श्री के तस्वीर के समक्ष महेंद्र टोंग्या , ओम प्रकाश बज द्वारा दीप प्रज्वलन सुधीर चौधरी,मनोज काला, ओम प्रकाश गदिया, राकेश अजमेरा , महावीर व राजकुमार गदिया परिवार द्वारा किया गया। समाज के नेमीचंद अग्रवाल आदि द्वारा आचार्य श्री के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। श्रावको ने भजनों पर भक्ति नृत्य किए यह जानकारी महामंत्री अंकुर चौधरी ने दी ओर राजस्थान अंचल द्वारा मांडना प्रतियोगिता की गई। नीलम चौधरी की कलाकृति सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों में रही रूपाली अजमेरा,मैना बज को भाग लेने पर महिला महासमिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार गोधा, राजकुमार बज,नवीन जैन,पुर्णेश गोधा,बसंती लाल वैद महिलाओं में आशा वैद ऋतु काला प्रभा गंगवाल आदि समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम में अनिता टोंग्या, किरण बज,प्रियंका गदिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मंजू सेठी आभार नीलम चौधरी ने किया।

# चंद्रोदय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी पर महा आरती का आयोजन



**चांदखेडी, खानपुर. शाबाश इंडिया।**

श्री दिगंबर जैन महासमिति, चांदखेडी द्वारा आचार्य संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार दिनांक 10 नवंबर 2022 को रात्रि 8:00 बजे महाआरती का आयोजन चंद्रोदय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी पर किया गया ।जिसके अंतर्गत प्रातः काल सामूहिक पूजा एवं संध्याकाल मे महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं ने बड़े ही उत्साह से अपनी भागीदारी दी और हर्ष के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया अध्यक्ष श्रीमती निशा जैन, मंत्री श्रीमती रेखा जैन, साक्षी जैन, रुचि जैन, उषा जैन ने बताया कि यह महाआरती समस्त विश्व में एक ही समय में जैन समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर करके एक विश्व रिकॉर्ड बनाया गया।

# बांसी में संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्या सागर जी पदारोहण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**बांसी. शाबाश इंडिया।** इकाई बांसी में संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्या सागर जी महा मुनिराज का 50वां स्वर्णिम पदारोहण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । भगवान अजितनाथ जिनालय में 48 रिद्धि मंत्रों से भक्तामर जी की आराधना की फिर रात्रि 8 बजे आचार्य श्री की महाआरती का भव्य आयोजन किया गया।

# श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दूदू में पदारोहण दिवस पर महाआरती का आयोजन



**दूदू. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर दूदू में दिनांक 10 नवंबर 2022 को रात्रि 8:00 बजे दूदू महासमिति की अध्यक्षा श्रीमती मनोरमा देवी बोहरा एवं मंत्री शशि देवी काला एवं समस्त वरिष्ठ समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के तत्वावधान में संपूर्ण समाज की उपस्थित मे परम श्रद्धेय ,अंतर यात्री , संस्कृति शासन आचार्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनि राज का 50 वा स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष पर भारत की दिगंबर जैन महासमिति की राष्ट्रीय महिला महा समिति के आह्वान पर पारसमल, विकास कुमार छाबड़ा एवं समस्त परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन करवा कर बड़े ही हर्षोल्लास से, भक्ति भाव से, गाजे-बाजे से, हाथों में दीपक की आरती सजाकर धूमधाम से महा आरती की गई। सांस्कृतिक सचिव दूदू , नीता बोहरा ने बताया कि कार्यक्रम भव्य रूप मे आयोजित किया गया।


# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 7, मालवीय नगर, जयपुर मे आरती का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 10 नवम्बर को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 7, मालवीय नगर, जयपुर में रात्री ठीक 8.00 बजे परम पूज्य संत शिरमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज के 50 वे स्वर्णिम आचार्य पदारोहण दिवस के अवसर पर महाआरती का आयोजन उल्लास एवं भक्ति के साथ हुआ ।सभी ने बहुत आनन्द एवं उत्साह के साथ इस आयोजन मे सहभागीता प्रदान की ' आरती के पश्चात आचार्य श्री की जीवन गाथा भी भक्ति के साथ सभी ने सुनी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति मंदिर जीअध्यक्ष गिरीश जैन सरखेलिया, मंत्री संजय कुमार जैन एवं महिला परिषद श्रीमती सुमित्रा छाबड़ा अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला पाटनी मंत्री के साथ गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सन्त ज्ञानसागर का स्मृति दिवस 15 नवम्बर को, माताजी का पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम भी होगा




**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।**

मुरेना। आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज का द्वितीय स्मृति दिवस एवं क्षुल्लिका माताजी का पिच्छिका परिवर्तन समारोह 15 नवम्बर को ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर मनाया जाएगा । ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर विराजमान ब्रह्मचारिणी बहिन परम विदुषी अनीता दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि परम पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक षष्ट पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की समाधि आज से दो वर्ष पूर्व 15 नवम्बर को हुई थी । पूज्य गुरुदेव की स्मृति को अविस्मरणीय बनाये रखने के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 15 नवम्बर को ज्ञानतीर्थ मुरेना में किया जा रहा है। द्वितीय स्मृति दिवस के पावन अवसर पर गुरुचरणों का पादप्रक्षालन, महाअर्चना, महाआरती एवं गुणानुवाद सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विवेक विहार दिल्ली निवासी प्रमोद जैन, श्रीमती अलका जैन, नीलेश जैन ध्वजारोहण एवं ग्वालियर निवासी अनिल शाह, श्रीमती माधवी शाह दीप प्रज्वलन करेंगी। पवन , पीयूश , परवेश जैन दिल्ली भोजन पुण्यार्जक रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र पर विराजमान क्षुल्लिका अक्षतमति माताजी का पिच्छिका परिवर्तन का कार्यक्रम भी सम्पन्न होगा।

# चमत्कार जी मंदिर में महाआरती का आयोजन



**सवाई माधोपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज का 50 वा स्वर्णिम पदारोहण दिवस धूमधाम से श्री चमत्कार जी मंदिर जी, सवाई माधोपुर मे मनाया गया। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति सवाई माधोपुर संभाग के सदस्यों ने श्री चमत्कार जी मंदिर के सभागार में महाआरती की। कार्यक्रम की शुरूआत में बहुत ही सुंदर मंगलाचरण की प्रस्तुति नीलिमा कासलीवाल द्वारा दी गई व महासमिति की महामंत्री श्रीमती राजमती गंगवाल और युवा प्रकोष्ठ रेखा कासलीवाल द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया और महिला प्रकोष्ठ मंजू पहाड़िया और कोषाध्यक्ष द्वारा महामुनि राज विद्यासागर जी महाराज के जीवन पर भजन प्रस्तुत किया गया। सभी भक्तजनों ने भजन की प्रस्तुति दी और आचार्य श्री के भजनों पर भक्ति की। सभी महिलाओं में बहुत हर्ष था और महिला महासमिति अध्यक्ष ममता बाकलीवाल द्वारा सब का आभार प्रकट किया गया।



## तीन दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल

# पहले दिन प्रताप के शौर्य की कहानी ने जगाया जोश

### आज बॉलीवुड कलाकार सुष्मिता मुखर्जी कहेंगी कहानी

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

उदयपुर टेल्स की ओर से शुक्रवार को तीन दिवसीय इंटरनेशनल स्टोरी टेलिंग फेस्टिवल का धमाकेदार आगाज शुक्रवार को सज्जनगढ़ क्षेत्र स्थित बाम्बूसा रिसोर्ट में हुआ। मा माय एंकर फाउण्डेशन की सह संस्थापक सुश्मिता सिंघा ने बताया कि फेस्टिवल के पहले दिन सुबह के सत्र में शहर सहित आसपास क्षेत्रों से पहुंचे 12 स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों ने भागीदारी निभाई और कहानी कला को सीखा/समझा। सबसे पहले उदयपुर के ख्यात वरिष्ठ रंगकर्मी विलास जानवे ने महाराणा प्रताप के शौर्य की गाथा ''कहानी कीका की'' सुनाकर उनमें राष्ट्रभक्ति का जज्बा जगा दिया।



कहानी के अंत में नन्हें मुन्नों संग बड़ों ने भी हल्दीघाटी की पावन माटी से भाल पर टीका लगा कर जय मेवाड़ जय राणा प्रताप के नारों से सभागार गूंजा दिया। इसके बाद दिल्ली से आए वरुण नारायण ने बच्चों को कठपुतली कला के माध्यम से ''पोटली के बाहर कहानी के अन्दर'' कथा सुनाते हुए बच्चों को रहस्य रोमांच और मनोरंजन की दुनिया से रूबरू कराया। इसके बाद मंच पर आए कहानीकार संदीप सेन ने माता-पिता गुरु और बच्चों के बीच के पवित्र रिश्तों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहानी सुनाई। इसके बाद गुजरात से आए 9 कलाकारों की एक टोली ने विशेष परिधान एवं वाद्य यंत्रों के साथ पावरी नृत्य किया। बच्चों के लिए यह नृत्य एकदम अजूबा और अनूठा था। बच्चों ने इस गुजराती लोकनृत्य का पूरा आनंद लिया और इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर रोमांचित हो उठे। बता दें, इस पूरे आयोजन का संचालन श्रुति मंत्री ने किया। को-फाउंडर सलिल भण्डारी ने बताया कि बॉलीवुड कलाकार सुष्मिता मुखर्जी शनिवार रात्रि को नारी बाई पर अनसुनी कहानी सुनाएंगी। वहीं हिमांशु वाजपेयी काकोरी कांड पर और पृथ्वी थियेटर से जुड़े आधार खुराना भी अपनी कथा कला का जादू जगाएंगे। अंत में अनुरागा व अर्चित डेनियल का इण्डो-वेस्टर्न बेण्ड अपनी प्रस्तुति देगा।

रिपोर्ट एवम फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'
मोबाइल:9829050939

# 48 दीपक से आरती कर मनाया पदारोहण दिवस

**धार (मध्यप्रदेश). शाबाश इंडिया**

श्री दि .जैन महिला महा समिति संभाग धार (मध्यप्रदेश)द्वारा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी का आचार्य पदारोहण दिवस हर्षउल्लास से मनाया। महिला महा समिति धारद्वारा सम्पूर्ण दिगंबर जैन समाज को आह्वान कर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महा मुनिराज का आचार्य पदारोहण दिवस स्थानिय शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष ममता गंगवाल , मंत्री नेहा छाबड़ा के नेतृत्व में सभी समाज जन के साथ बड़े ही उल्लास पूर्वक 48 दीपक से आरती कर मनाया एवं भक्ति आराधना कर आचार्य श्री के दीघार्यु होने की कामना की गई।



